संख्या-29/2026/2326/001-1796377

प्रेषक,

रंजन कुमार,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
होम्योपैथी,
उ0प्र0, लखनऊ।

आयुष अनुभाग-2 लखनऊ : दिनांक-31-08-2026

विषय:-वित्तीय वर्ष 2026-27 में राजकीय लाल बहादुर शास्त्री होम्योपैथिक मेडिकल कालेज एवं अस्पताल, प्रयागराज में सीवर लाइन निर्माण, नाली के निर्माण एवं ओ०पी०डी०/शैक्षणिक भवन का उच्चीकरण हेतु अवशेष धनराशि की स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-नि0हो0/1041/बजट/पी/23-24/टीसी/2818, दिनांक 08.07.2026 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से विषयांकित कार्यो हेतु अवशेष धनराशि स्वीकृति का अनुरोध किया गया है।

2- उल्लेखनीय है कि शासनादेश संख्या-01/2024/955/001-96-2002-002-4-2024, दिनांक 16.03.2024 द्वारा प्रश्नगत प्रायोजना हेतु धनराशि रू0 657.94 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत करते हुये प्रथम किस्त के रूप में रू0 1.00 करोड की स्वीकृति निर्गत की गयी है तथा शासनादेश संख्या-05/2025/482/001-1796377, दिनांक 11.03.2025 द्वारा द्वितीय किश्त के रूप में रू0 520.99 लाख इस प्रकार कुल धनराशि रू0 620.99 लाख की स्वीकृति निर्गत की गयी है।

3- निविदा में प्रथम न्यूनतम धनराशि के अनुसार उक्त परियोजना की कुल अन्तिम लागत रू0 653.67 लाख है। इस प्रकार उक्त परियोजना की अवशेष देयता रू0 (653.67-620.99)=32.68 लाख है।

4- अत: इस संबंध में राजकीय लाल बहादुर शास्त्री होम्योपैथिक मेडिकल कालेज एवं अस्पताल, प्रयागराज में सीवर लाइन निर्माण, नाली के निर्माण एवं ओ०पी०डी०/शैक्षणिक भवन का उच्चीकरण हेतु धनराशि रू0 653.67 लाख की पुनरीक्षित प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत करते हुए कालेज शीर्षक के अन्तर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026-27 के आय व्ययक में अनुदान संख्या-34, लेखाशीर्षक-''4210-चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य पर पूंजीगत परिव्यय-01-शहरी स्वास्थ्य सेवायें-800-अन्य व्यय-03-राजकीय नेशनल होम्योपैथी मेडिकल कालेज, लखनऊ, राजकीय पं० जवाहर लाल नेहरू होम्योपैथी मेडिकल कालेज, कानपुर तथा राजकीय लाल बहादुर शास्त्री होम्योपैथी मेडिकल कालेज, प्रयागराज के भवनों का निर्माण-24-वृहत निर्माण कार्य के अन्तर्गत बजट प्राविधान रू0 1500.00 लाख के सापेक्ष प्रश्नगत निर्माण कार्य हेतु अवशेष देयता धनराशि रू0 32,68,000/-(रुपये बत्तीस लाख अडसठ हजार मात्र) की स्वीकृतियां निर्गत किये जाने पर वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-4/2026/बी-1-812/दस-2026-231/2026, दिनांक 28.03.2026 के प्राविधानानुसार राज्यपाल महोदया सहर्ष स्वीकृति प्रदान करती हैं।

5- इस संबंध में होने वाला व्यय रुपये 32,68,000/-(रुपये बत्तीस लाख अड़सठ हजार मात्र ) को चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के आय-व्ययक मे **अनुदान संख्या** 034 **लेखाशीर्षक** 4210018000300 राजकीय नेशनल होम्योपैथी मेडिकल कालेज,लखनऊ ,राजकीय प.जवाहर लाल नेहरू होम्योपैथी मेडिकल कालेज,

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

कानपुर तथा राजकीय लाल बहादुर शास्त्री होम्योपैथी मेडिकल कालेज, प्रयागराज के भवनों का निर्माण **मानक मद** 24 वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

6- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-4/2026/बी-1-812/दस-2026-231/2026, दिनांक-28-मार्च, 2026 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,
रंजन कुमार,
प्रमुख सचिव।

संख्या-29/2026/2326 /001-1796377, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. महालेखाकार, (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, लखनऊ/प्रयागराज।
3. महानिदेशक, आयुष, उ0प्र0 लखनऊ।
4. मुख्य कोषाधिकारी, आदर्श कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ (द्वारा निदेशक, होम्योपैथी, उ0प्र0)।
5. वित्त नियंत्रक, होम्योपैथी निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ (द्वारा निदेशक, होम्योपैथी, उ0प्र0)।
6. प्राचार्य, राजकीय लाल बहादुर शास्त्री होम्योपैथी मेडिकल कालेज, प्रयागराज (द्वारा निदेशक, होम्योपैथी, उ0प्र0)।
7. अनु सचिव/नोडल अधिकारी, बजट, आयुष विभाग, उ0प्र0 शासन।
8. प्रबन्ध निदेशक, संस्था सी०एण्ड डी०एस०, उ०प्र० जल निगम, लखनऊ।
9. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2, उ0प्र0 शासन।
10. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
जगन्नाथ प्रसाद श्रीवास्तव
उप सचिव।

http://shasanadesh

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।